प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 28.03.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- राज्यस्तरीय विकास और सुशासन उत्सव आज भीलवाडा में–मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा दस हजार करोड़ रूपये के विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।
- प्रदेश की सभी जेलों में सघन तलाशी अभियान चलाया जायेगा। अवांछित सामग्री मिलने पर जेल कार्मिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।
- राजस्थान हाईकोर्ट में अधिवक्ता कोटे से नवनियुक्त चार न्यायाधीशों का शपथ ग्रहण समारोह आज।
- प्रदेश में तापमान में उतार चढाव का दौर जारी–दिन के पारे में गिरावट वहीं रात के तापमान में बढोतरी दर्ज हुई।

00000

राज्यस्तरीय विकास और सुशासन उत्सव का आयोजन आज भीलवाडा में होने जा रहा है। इसमें मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा दस हजार करोड़ रूपये के विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। चित्रकूट धाम स्टेडियम में होने वाले इस समारोह में मुख्यमंत्री विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं के दिशा निर्देश भी जारी करेंगे।

00000

कोटा में कल होने वाले राज्यस्तरीय युवा एवं रोजगार उत्सव में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और मुख्यमंत्री श्री शर्मा भी शिरकत करेंगे। समारोह में सात हजार नियुक्ति पत्रों का वितरण किया जायेगा। वहीं जिला मुख्यालय पर रोजगार मेले और प्लेसमेंट शिविर लगाये जायेंगे। राजस्थान दिवस कार्यक्रमों की श्रृंखला में कल जयपुर में अमर जवान ज्योति पर रन फोर फिट राजस्थान भी रखी गई है।

00000

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन आज राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जयपुर में बैठक करेंगे। इसमें चुनावी प्रक्रियाओं को अधिक मजबूत करने की दिशा में विचार विमर्श किया जायेगा। श्री महाजन ने बताया कि स्थानीय स्तर तक बेहतर संवाद स्थापित करने और चुनावी प्रक्रिया को अधिक मजबूत, व्यवस्थित और पारदर्शी बनाने के लिए बैठक में चर्चा की जायेगी।

00000

प्रदेश की सभी जेलों में सघन तलाशी अभियान चलाया जायेगा। जेलों में अवांछित सामग्री मिलने पर जेल कार्मिकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कल गृह विभाग की समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए। मुख्यमंत्री निवास पर हुई इस बैठक में श्री शर्मा ने कहा कि जेल परिसर में मोबाईल फोन के इस्तेमाल की घटनाओं पर सख्त कार्यवाही की जाये। उन्होंने ऐसे मामलों में एफआईआर दर्ज करने और अवैध सामग्री पंहुचाने वाले लोगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। श्री शर्मा ने जेलों में सीसीटीवी कैमरों की संख्या में बढोतरी करते हुए कड़ी निगरानी रखने की बात कही। उन्होंने पुलिस और मजिस्ट्रेट को सभी जेलों की औचक तलाशी लेने के निर्देश दिए।

00000

जयपुर सांसद मंजू शर्मा ने कल लोकसभा में जयपुर में नेशनल सेंटर फोर एक्सिलेंस खुलवाने की मांग की। खेल मंत्री से श्रीमती शर्मा ने कहा कि राजस्थान ने हाल ही के वर्षो में खेलों में बेहतर प्रदर्शन किया है और कई खिलाडियों ने ओलम्पिक, एशियन गेम्स तथा कॉमलवेल्थ गेमों में देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने जयपुर में भारतीय खेल प्राधिकरण का सेंटर ऑफ एक्सिलेंस खोलने की मांग की।

00000

राजस्थान हाईकोर्ट में अधिवक्ता कोटे से नव नियुक्त चार न्यायाधीशों का शपथ ग्रहण समारोह आज होगा। ये समारोह उच्च न्यायालय की मुख्य पीठ जोधपुर में रखा गया है। मुख्य न्यायाधीश एम एम श्रीवास्तव नव नियुक्त न्यायाधीश आनंद शर्मा, सुनील बेनीवाल, मुकेश राजपुरोहित और संदीप शाह को पद की शपथ दिलवायेंगे। हाईकोर्ट में न्यायाधीश के कुल 50 पद स्वीकृति है। चार नये जज आने से इनकी संख्या अब 38 हो जायेगी।

00000

सुप्रीम कोर्ट ने राज्य की 16 हजार खदानों को बडी राहत देते हुए पर्यावरण मंजूरी यानी ईसी की समय सीमा दो महीने बढा दी है। खान विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी रविकांत ने बताया कि पहले यह तारीख 31 मार्च थी, जिसे अब बढाकर 31 मई कर दिया गया हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की ओर से विशेष आवेदन की सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने ये आदेश दिये है। वहीं राज्यस्तरीय समिति की ओर से अब तक 6 हजार 814 खानों को पर्यावरण स्वीकृतियां जारी की जा चुकी है।

00000

कोटा को रेल सुविधाओं से जुडी कई अहम सौगात मिली हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष और कोटा बूंदी सांसद ओम बिरला के प्रयासों से जल्दी ही कोटा से दिल्ली और इंदौर तक रेल संपर्क को सुगम बनाने के लिए दिल्ली और इंदौर के बीच नई ट्रेन चलाई जायेगी। इसके साथ ही मेमो ट्रेन तथा मेंटिनेंस लाईन को भी मंजूरी दी गई है।

00000

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार किसान–हितैषी है और किसानों के कल्याण के प्रति पूरे समर्पण के साथ लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य–एमएसपी पर जिन्सों की खरीद की जा रही है। श्री चौहान ने कहा कि राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसानों के उत्पादों की खरीद एमएसपी से कम दाम पर नहीं की जाए।

00000

प्रदेश में तापमान में उतार चढाव देखने को मिल रहा है। उत्तरी हवाओं के असर से जहां दिन के पारे में गिरावट आई है। वहीं रात के तापमान में उछाल आया हैं। कल अधिकतर स्थानों पर दिन के तापमान में दो से चार डिग्री तक की गिरावट मापी गई है। जैसलमेर में तापमान में सबसे ज्यादा 5 डिग्री सैल्सियस की गिरावट आई। वहीं धौलपुर और कोटा में दिन का तापमान 40 डिग्री सैल्सियस के पार रिकॉर्ड हुआ। 12 शहरों में रात का पारा 20 डिग्री सैल्सियस से ऊपर रहा। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के असर से सीमावर्ती जिलों में तेज हवायें चलने और बादलो की आवाजाही की संभावना हैं। इससे तापमान में गिरावट हो सकती है।

00000

माहे रमजान का जुमातुलविदा आज है। रमजान के महीने के आखिरी शुक्रवार को ये दिन मनाया जाता है। आज मस्जिदों में जुमातुलविदा की विशेष नमाज अदा कर अमन चैन और खुशहाली की दुआ मांगी जायेगी। वहीं सौगात ए मोदी कार्यक्रम के तहत आज जयपुर में जरूरतमंद मुस्लिम परिवारों को राशन सामग्री के किट वितरित किए जायेंगे। अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने प्रेस वार्ता में बताया कि प्रदेश के सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में करीब एक लाख 786 गरीब परिवारों को ये किट दिये जायेंगे।

00000